# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में संविधान की सराहना करते हुए कहा– यह राष्ट्र का मार्गदर्शक है, जो समय की हर कसौटी पर उतरा है खरा।
2. श्री मोदी ने लोगों से अगले महीने महाकुंभ में भाग लेते हुए एकता की भावना को अपनाने और समाज में विभाजन तथा नफरत को खत्म करने का किया आग्रह।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई गणमान्य नेताओं को दिया महाकुंभ का निमंत्रण।

और

4. प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा कल प्रयागराज में महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र मे सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में होंगे शामिल : कहा– महाकुंभ को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई कार्यों में सभी की हो सहभागिता।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए www.constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। उन्होंने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया।

*इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग–अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं। संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। मन की बात के श्रोताओं से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से कॉलेज में जाने वाली युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बने।*

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोर–शोर से तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में नहीं है बल्कि इसकी

विविधता में भी है। उन्होंने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्री मोदी ने लोगों से महाकुंभ में भाग लेकर एकता के संकल्प को मजबूत करने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से समाज में विभाजन और विद्वेष की भावना को समाप्त करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

*13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ भी होने जा रहा है। साथियों महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ो लोग एक साथ एकत्रित होते हैं, लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों सम्प्रदाय, अनेकों अखाड़े हर कोई आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है। कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है, अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा।*

एनीमेशन को लेकर श्रो मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कृष, तृष और बाल्टीबॉय, केटीबी, बच्चों में एक सुपरहिट एनीमेशन सीरीज है जिसका दूसरा सीजन बड़े ही खास अंदाज में गोवा में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में शुरू हुआ था।

इसे दूरदर्शन के साथ–साथ अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी से इस सीरीज का प्रसारण प्रत्येक रविवार को दिन में साढ़े दस बजे किया जाता है।

प्रधानमंत्री न इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2023

के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है।

*भारत में मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। मलेरिया की मॉनिटरिंग के लिए जन भागीदारी काफी सफल रही नुक्कड़ नाटक और रेडियो के जरिए ऐसे संदेशों पर जोर दिया गया जिससे मच्छरों की ब्रीडिंग कम करने में काफी मदद मिली है।*

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू होना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाइ है। इस योजना के कारण नब्बे प्रतिशत कैंसर रोगियों का उपचार समय पर शुरू हो सका है।

——————————

आकाशवाणो पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा महाकुंभ के माध्यम से एकता के संदेश की सभी लोगों ने सराहना की है।

*मेले के साथ–साथ जो कुंभ की तैयारियां हैं वो तो उन्होंने अच्छा किया ही, वह तो विश्व स्तर पर उसका प्रशंसा हो रहा है, लेकिन जो लोगों को एक करने का, जोड़ने का प्रयास जो किया है वो अति उत्तम प्रयास है और लोग जुड़ भी रहे हैं। ऐसा नहीं है लोगों के अंदर वो भावनायें अभी रही है तो इसलिए बहुत ही अच्छा नेक काम मोदी और योगी जी कर रहे हैं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में कई गणमान्य नेताओं से मुलाकात कर उन्हें महाकुंभ–2025 के लिए निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से भेंट कर उन्हें प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ के लिए आमंत्रित किया। श्री योगी ने विशिष्टजनों को निमंत्रण पत्र के साथ ही महाकुम्भ 2025 के लोगो वाला प्रतीक चिह्न, कलश, महाकुम्भ से जुड़ा साहित्य, नववर्ष का टेबल कैलेंडर और डायरी भेंट की।

महाकुम्भ में विशिष्टजनों को आमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दिल्ली पहुंचे थे। कल उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से मुलाकात कर उन्हें महाकुम्भ के लिये आमंत्रित किया।

———————

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज अयोध्या मे रामलला के दर्शन किये। इसके बाद मीडिया से बातचीत के दौरान श्री मेघवाल ने वन नेशन वन इलेक्शन और वक्फ अमेंडमेंट बिल पर कहा कि यह दोनों विधेयक ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास है जब रिपोर्ट आएगी

तो इसे सदन में रखा जाएगा। अयोध्या के बारे में अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अयोध्या धीरे–धीरे आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित हो रही है।

*धीरे–धीरे बहुत तेजी से येएक आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। यह बहुत शुभ संकेत है। आज भी मैंने देखा तो पता लगा कि लाखों लोग डेली आ रहे हैं, तो यह एक सांस्कृतिक चेतना जो जाग रही है वो देश के लिए बहुत अच्छी बात है।*

——————————

अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर तरह के प्रबंध किये जा रहे हैं। राम मंदिर को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए लाइटनिंग एरेस्टर बनाए जा रहे हैं। एक रिपोर्ट..

*अयोध्या मे राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बेठक के पहले आज चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए लाइटनिंग एरेस्टर बनाए जा रहे हैं  शिखर से 28 कॉपर के तार नीचे आएंगे जो ग्राउंड करके जमीन के अंदर ले जाए जाएंगे इसके लिए संबंधित मंत्रालय से भी राय ली गई है उन्होनें बताया कि मंदिर के ऊपर से यदि कोई  हवाई जहाज  उड़ता है तो उसके लिए भी उनको संकेत मिले कि यहां पर इतनी ऊंचाई का निर्माण है  राम मंदिर को लेकर एवियशन सेफ्टी भी देखी जा रही है नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर का सभी निर्माण 2025 में पूरा कर लिया जाएगा।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा कल सुबह प्रयागराज महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र में नागवासुकी मंदिर से दशाश्वमेध घाट तक चलाये जाने वाले सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और श्रमदान करेंगे। श्री शर्मा ने इस अवसर पर लोगों से अपने–अपने क्षेत्र की सफाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयाग हमारी सांस्कृतिक व पौराणिक धरोहर और आस्था का केंद्र है। यहां पर आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 को दिव्य भव्य, स्वच्छ और सुंदर, अलौकिक व अद्वितीय बनाने के लिए स्वच्छता सफाई कार्यो में सभी की सहभागिता हो तथा देश दुनिया में जनजन तक इसका संदेश देने के लिए सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार महाकुंभ क्षेत्र में स्वच्छता, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि होगी।

———————

प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान लाखों तीर्थयात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा प्रदान करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे तेरह हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों में दस हजार से अधिक नियमित गाड़ियां

यात्रियो की सेवा में होंगी। आवागमन के दौरान भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए 46 ट्रेनों को प्रयागराज और नैनी जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। इसक साथ ही तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए रिंग रेल मेमू सेवा भी शुरू की जाएगी। यह सेवा अयोध्या काशी और चित्रकूट जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा को सहज और सुगम बनाएगी।

——————————

प्रदेश के अलग अलग जिलों में आज मौसम शुष्क रहा, हांलाकि कई जिलों में घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। वाराणसी और इसके आसपास के जिलों में घने कोहरे के कारण सुबह के समय वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार कल भी प्रदेश में कई स्थानों पर कोहरे का असर रहेगा। इकतीस दिसम्बर से चार जनवरी तक राज्य में कहीं कहीं देर रात और सुबह के समय हल्का से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है।

——————————